# प्रकाशमय वचन

अप्रैल २०१७ के दौरान, सिद्धयोगी और नए साधक, २०१७ के "एक मधुर सरप्राइज़" सत्संग में श्रीगुरुमाई द्वारा प्रदान की गई सिखावनी के प्रकाश में उनके सन्देश का अध्ययन कर रहे हैं। यह सिखावनी है — "तुम सत्य को जानने के लिए शक्ति-सम्पन्न हो।"

श्रीगुरुमाई ने हमारे अध्ययन में हमारा मार्गदर्शन करने के लिए पन्द्रह सिखावनियाँ या "प्रकाशमय वचन" चुने हैं। इस माह में, हर दूसरे दिन, सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर एक नई सिखावनी प्रस्तुत की जाएगी। जब हम इन सिखावनियों पर चिन्तन-मनन करेंगे, अपनी साधना के सन्दर्भ में इनका परीक्षण करेंगे तो ये सिखावनियाँ इस बात पर और अधिक प्रकाश डालेंगी कि हमारे अन्दर अपने सत्य स्वरूप को जानने, उसका अनुभव करने और उसके अनुरूप कार्य करने की जो क्षमता है, हममें से हर एक के लिए इसका क्या अर्थ है।

© २०१७ एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन ®। सर्वाधिकार सुरक्षित।